# BACKGROUNDER

# *2019 ONTARIO BUDGET की प्रमुख बातें*

अप्रैल 11, 2019

## बजट को जिम्मेदारी से संतुलित करना

Ontario's Government for the People प्रांत के वित्तीय साधनों में - भरोसा, पारदर्शिता और जवाबदेही पुनः स्थापित करते हुए जिम्मेदार तरीके से बजट को संतुलित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बजट को संतुलित बनाने से उस सब को सुरक्षित करने में मदद मिलेगी जो सबसे अधिक मायने रखता है - स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा तथा अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाएँ - तथा सुनिश्चित करेगा कि लोगों के पास आने वाली पीढ़ियों की जरूरत के लिए फंडिंग की व्यवस्था हो। सरकार:

- 2018-19 में $11.7 बिलियन घाटे का अनुमान लगा रही है जोकि पिछली सरकार से विरासत में मिले $15 बिलियन के घाटे से $3.3 बिलियन कम है।
- रोजगार सृजन करते हुए तथा जो सबसे अधिक मायने रखता है - महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाएँ, जिनमें ओंटारियो की विश्वस्तरीय स्वास्थ्य देखभाल तथा शिक्षा प्रणाली शामिल है - तथा व्यक्तियों, परिवारों और कारोबारों को काफी जरूरी राहत प्रदान करते हुए 2023-24 तक संतुलित बजट के लिए एक जिम्मेदार मार्ग की रूपरेखा तैयार कर रही है।
- एक जिम्मेदार ऋण बोझ कम करने की रणनीति के साथ $343,000,000,000 के सार्वजनिक ऋण से निपट रही है जो राजकोषीय स्वास्थ्य को बहाल करेगा, महत्वपूर्ण सेवाओं को बनाए रखेगा तथा 2022-23 तक ओंटारियो के जीडीपी-से शुद्ध ऋण अनुपात को पिछली सरकार से विरासत में मिले से 40.8 प्रतिशत से कम करेगा 
- ओंटारियो की जनता को दिखा रही है कि सरकार प्रस्तावित Fiscal Sustainability, Transparency and Accountability Act (FSTAA) को पेश करके जवाबदेह है। अन्य महत्वपूर्ण नए जवाबदेही के उपायों में, प्रस्तावित FSTAA में प्रीमियर तथा मंत्री की Accountability Guarantee शामिल होगी जो सार्वजनिक रिपोर्टिंग की समय सीमा की प्रत्येक चूक के लिए उनके प्रीमियर तथा मंत्री के वेतन के 10 प्रतिशत का दंड का भुगतान करना अपेक्षित करेगी ।मंत्री के लिए सार्वजनिक रूप से यह भी बताना आवश्यक होगा कि समय सीमा के संबंध में चूक क्यों हुई तथा रिपोर्ट कब जारी की जाएगी ।

Ontario

## जो सब से अधिक मायने रखता है उसे सुरक्षित करना

ओंटारियो सरकार मानती है कि प्रांत में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य देखभाल तथा शिक्षा प्रणालियों को सुरक्षित करने के लिए, लोगों को सदैव सरकार की नीति निर्माण के केन्द्र पर होना चाहिए। सरकार:

- एक नए Ontario Childcare Access and Relief from Expenses (CARE) टैक्स क्रेडिट का प्रस्ताव कर रही है। CARE टैक्स क्रेडिट ओंटारियो में अब तक शुरू की गयीं सबसे लचीली बाल देखभाल पहलों में से एक है। यह एक ऐसी योजना है जो बाल देखभाल की निर्णय लेने की प्रक्रिया के केन्द्र में, माता-पिता को रखेगी, सरकार को नहीं। नया CARE टैक्स क्रेडिट लगभग 300,000 परिवारों को उनके पात्र बाल देखभाल खर्चों का 75 प्रतिशत तक प्रदान करेगा तथा परिवारों को केन्द्रों, घरों और कैंपों में देखभाल सहित बाल देखभाल विकल्पों की व्यापक रेंज तक पहुंच की अनुमति देता है।
- आगामी पांच वर्षों में नए स्कूलों में लगभग 10,000 स्थानों सहित, स्कूलों में 30,000 तक बाल देखभाल के स्थान बनाने के लिए. $1 बिलियन तक के लिए प्रतिबद्ध हो रही है, जो माता-पिता तथा परिवारों को और अधिक किफायती बाल देखभाल पाने में मदद करके उनके जीवन को और अधिक आसान बनाएगी।
- अस्पतालों में अतिरिक्त $384 मिलियन तथा घर और सामुदायिक देखभाल में अतिरिक्त $267 मिलियन का निवेश कर रही है। यह हालवे स्वास्थ्य देखभाल को समाप्त करने तथा उन स्थानों पर अधिक स्वास्थ्य देखभाल खर्च को निर्देशित करने के लिए आवश्यक है जहाँ इसकी सबसे अधिक जरूरत है। साथ ही, देखभाल में परिवर्तनों को वेहतर करने तथा सेवाओं के लिए प्रतीक्षा समय कम करने के लिए, सरकार एक एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के मॉडल के संबंध में आगे बढ़ने के लिए Ontario Health Teams बना रही है।
- मानसिक स्वास्थ्य, व्यसन तथा आवास संबंधी सहारों के लिए 10 वर्षों में $3.8 बिलियन का निवेश कर रही है , इसकी शुरूआत मासिक स्वास्थ्य तथा व्यसन प्रणाली के निर्माण से होगी।
- लाभों से वंचित कम -आय के बुज़ुर्गों के लिए नए दंत संबंधी कार्यक्रम की शुरूआत कर रही है। अकेले बुज़ुर्ग जिनकी सालाना आय $19,300 या इससे कम है, या बुज़ुर्ग दम्पतियाँ जिनकी संयुक्त आय $32,300 से कम है, पूरे प्रांत में सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा Aboriginal Health Access केन्द्रों में दंत संबंधी सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।
- आगामी पांच वर्षों में, 15,000 नए दीर्घकालिक देखभाल बेड्स सृदित कर रही है तथा जटिल स्वास्थ्य संबंधी हालतों से पीड़ित रोगियों के लिए और अधिक उपयुक्त देखभाल प्रदान करने के लिए 15,000 पुराने दीर्घकालिक देखभाल बेड्स अपग्रेड कर रही है 
- बेहतर शिक्षण का समर्थन कर ने के लिए तथा बच्चों और छात्रों को सुरक्षित रखने के लिए 2019–20 स्कूल वर्ष में स्कूल के नवीनीकरण में $1.4 बिलियन निवेश करके स्कूलों की हालत सुधार रही है।
- गणित और विज्ञान के साथ-साथ रोजगार संबंधी कौशल जैसे ट्रेडज (trades) और कोडिंग, तथा जीवन कौशलों जैसे वित्तीय साक्षरता पर विशेष रूप से जोर देकर ओंटारियो के शैक्षिक पाठ्यक्रम को मजबूत कर रही है 

Ontario

- सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित कॉलेज और विश्वविद्यालय में 2019-20 स्कूल वर्ष से छात्रों के लिए ट्यूशन की दरों में 10 प्रतिशत तक की कमी कर रही है तथा 2020-21 स्कूल वर्ष के लिए ट्यूशन शुल्क फ्रीज कर रही है। कॉलेज कार्यक्रम के लिए नामांकित छात्र ट्यूशन में लगभग $340 की औसत कमी देखेंगे तथा पूर्वस्नातक कला एवं विज्ञान की डिग्री के लिए नामांकित छात्र ट्यूशन में $660 की औसत कमी देखेंगे।
- आगामी Housing Supply Action Plan के माध्यम से लोगों की जरूरत के आवास की आपूर्ति को बढ़ाने में मदद के द्वारा घर का स्वामित्व तथा घर किराए पर लेना अधिक किफायती बना रही है ।

## लोगों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना

सरकार निम्नलिखित के द्वारा जीवन को और अधिक आसान बनाने तथा विकल्प और सुविधाओं को बेहतर करने के लिए प्रतिबद्ध है:

- और अधिक सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए तथा आसानी से प्रयोग करने के लिए व्यक्तिगत रूप से तथा कागज पर आधारित लेन-देन से हटने, लागतों को कम करने में मदद के लिए डिजिटल फर्स्ट रणनीति अपनाना।
- ग्रेटर टोरोंटो क्षेत्र में चार रेपिड ट्रांजिट प्रोजक्ट्स का सपोर्ट करने के लिए कुल अनुमानित $28.5 बिलियन लागत में से $11.2 बिलियन कि लिए प्रतिबद्ध हो कर करके ओंटारियो के इतिहास में नए सबवे के निर्माण तथा विस्तार के लिए सबसे बड़ा एकल पूंजी योगदान करना। इसमें प्रस्तावित नयी Ontario Line,Richmond Hill और Markham के लिए Yonge North Subway Extension, Etobicoke में Eglinton Crosstown West Extension तथा 2029-30 तक Scarborough Subway Extension को पूर्ण करना शामिल है।
- पूरे GO Transit रेल नेटवर्क में लचीची खाद्य एवं पेय सेवाओं को प्रदान करने की व्यवहार्यता का पता लगाने तथा मार्ग विस्तार शुरू करने, प्रति दिन और ट्रिप सहित, पांच वर्षों में GO Transit रेल सेवा में सबसे बड़ी बढ़ोत्तरी करने के माध्यम से सेवा में सुधार करना।
- कौन सी ऑटो बीमा कवरेज उनकी जरूरतों के अनुसार उपयुक्त है तथा उन्हें उनकी दरों पर अधिक नियंत्रण देता है यह निश्चित करते समय, ड्राइवरों को और अधिक विकल्प देने सहित, ऑटो बीमा खरीदना और अधिक आसान बनाना।
- सार्वजनिक स्थानों, जैसे पार्कों में शराब पीने, तथा पात्र खेल आयोजनों में प्रशंसकों को अनौपचारिक पार्टियों में शराब पीने की अनुमति देने के बाद में नगरपालिकाओं को अपने खुद के नियम बनाने देने संबंधी कानून पेश करने के द्वारा वयस्क उपभोक्ताओं के लिए विकल्प और सुविधा तथा कारोबारों के लिए अवसर बेहतर करना।

- परिवारों को कर राहत प्रदान करने का प्रस्ताव करना जब उन्हें इसकी सबसे अधिक जरूरत है। परिवारों के लिए प्रियजन की मृत्यु एक कठिन समय होता है। जनवरी 1, 2020 से प्रभावी, $50,000 या इससे कम की करयोग्य संपत्तियों से Estate Administration Tax हटा दिया जाएगा, तथा बड़ी करयोग्य संपत्तियों के लिए $250 कम हो जाएगा।

## व्यवसाय के लिए खुला,रोजगारों के लिए खुला

सरकार लाल फीताशाही को कम करके, व्यावसायिक लागतों को कम करके तथा और अधिक कामगारों को स्थानीय नौकरियों से जोड़ कर ओंटारियो को व्यवसाय के लिए खुला तथा रोजगारों के लिए खुला बना रही है। सरकार:

- Ontario Job Creation Investment Incentive के तहत पूंजी निवेशों को तेजी से खारिज करने (write off) के द्वारा छह वर्षों में $3.8 बिलियन प्रांतीय कॉर्पोरेट आयकर राहत में प्रदान कर रही है ।
- 2020 तक लाल फीताशाही 25 प्रतिशत तक कम कर रही है। एक बार पूरी तरह से कार्यान्वित होने पर इन परिवर्तनों से ओंटारियो के व्यवसायों को उनकी अनुपालन लागतों पर $400 मिलियन की बचत जारी रहने की उम्मीद है।
- Driving Prosperity, ओंटारियो के ऑटोमोटिव क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा, नवाचार तथा प्रतिभा को मजबूत करने के लिए एक योजना, को लागू कर रही है।
- जनवरी 1, 2019 से प्रत्येक $100 के बीमा योग्य पेरोल पर Workplace Safety and Insurance Board ( WSIB) की औसत प्रीमियम दरों को $2.35 से कम करके $1.65 करने का समर्थन कर रही है , जो 2019 में नियोक्ताओं के लिए $1.45 बिलियन की बचत करेगा।
- ओंटारियो के लोगों को कुशलताओं आधारित व्यापारों में प्रवेश करने, पुनःप्रशिक्षित होने तथा ट्रेडों में नौकरियों के लाभों से अवगत होने के लिए प्रोत्साहित करने वाले कार्यक्रम स्थापित कर रही है ।
- अत्यंत कुशल आप्रवासियों को छोटे समुदायों में लाने के लिए प्रायोगिक पहल शुरू कर रही है।
- एक नया Northern Ontario Internship Program बना रही है जो प्रशुक्षता के आवेदकों के हाल ही में विश्वविद्यालय या कॉलेज से स्नातक होने की जरूरत को हटाएगा तथा नए कामगारों, नया कैरियर शुरू करने वाले लोगों , बेरोजगारों तथा अवनियोजितों को कार्यक्रम के लिए पात्र होने की अनुमति देगा।
- संघीय सरकार के रोजगार विनाशक कार्बन टैक्स से लड़ रही है , जो ऑटोमोटिव, विनिक्माण, परिवहन, खनन तथा वानकी संबंधी गतिविधियों की लागतों को बढ़ाएगा, तथा हजारों नौकरियों को जोखिम में डालेगा।